# मन करता है

## तुम्हारी बात

- **तुम पर कौन-कौन धौंस जमाता है? क्यों?**

  ▶ घर में ▶ स्कूल में

उत्तर ▶ **घर में**—मेरा बड़ा भाई मुझ पर धौंस जमाता है। इसके पीछे कारण बस यही है कि वह मुझसे बड़ा है।

▶ **स्कूल में**—मॉनिटर धौंस जमाता है। वह सभी विद्यार्थियों पर अपना वर्चस्व दिखाने के लिए धौंस जमाता है। कभी-कभी जब हम सारे विद्यार्थीगण बिल्कुल शांत रहते हैं तब भी हमें डाँट लगा देता है किसी-न-किसी बहाने।

- मन करता है चिड़िया बनकर
  चीं-चीं चूँ-चूँ शोर मचाऊँ
  **तुम्हारा मन कब-कब चिड़िया बन जाने को करता है?**

उत्तर चिड़िया का उड़ना मुझे बहुत भाता है। जब भी उसे ऊँचे और खुले आकाश में बिना किसी रोक-टोक के उड़ते देखता हूँ तो मेरा मन भी ऐसा करने को होता है। तब सोचता हूं काश! कुछ देर के लिए ही सही चिड़िया बन जाता।

- **कौन किस पर अकड़ जमाता होगा?**

  ▶ आसमान में ▶ खेल में ▶ जंगल में ▶ स्कूल में ▶ नदी में ▶ घर में

उत्तर ▶ **आसमान** में चाँद तारों पर अकड़ जमाता होगा।

▶ **खेल में** कप्तान खिलाड़ियों पर।

▶ **जंगल में** शेर अन्य जानवरों पर।


▶ **स्कूल में** बड़े विद्यार्थी छोटे विद्यार्थियों पर।

▶ **नदी में** बड़ी मछली छोटी मछलियों पर या मगरमच्छ अन्य जलीय जीवों पर।

▶ **घर में** दादा जी घर के अन्य सदस्यों पर।

## मूँछ

- तुमने तरह-तरह की मूँछें देखी होंगी।
  यहाँ तुम्हारे लिए एक मूँछ बनी है। कुछ मूछें तुम भी बनाओ और सभी मूँछों को अपने मन से नाम दो।



................................ ................................ ................................

उत्तर स्वयं करो।

## पता करो

- **तुम्हारे घर और स्कूल में किसका क्या करने का मन करता है? लिखो और अपनी सूची अपने साथियों से मिलाकर देखो।**

उत्तर

| नाम | मन करता है |
|---|---|
| • सुमन | चाँद पर जाने का |
| • अर्चना | शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाने का |
| • सौम्या | तोता से बातें करने का |
| • मेरा बड़ा भाई | अकेले ट्रेन में यात्रा करने का। |

## चलो, पतंग बनाएँ

**सामान**—तुम्हें चाहिए कोई पतला कागज़, झाड़ू की तीलियाँ, गोंद, टेप, कैंची।

**तरीका**—
- कागज़ को चौकोर काटो।
- उसमें गोंद या टेप से दो तीलियाँ चिपका लो, जैसा चित्र में दिखाया गया है।
- तीली के निचले हिस्से में पूँछ के लिए एक तिकोना टुकड़ा काटकर चिपका दो।
- पतंग तैयार है।

उत्तर स्वयं करें।

## सोचो और बताओ

- **सूरज आसमान में दौड़ क्यों लगाता होगा?**

**उत्तर** सूरज आसमान में इसलिए दौड़ लगाता होगा ताकि धरती पर सब तरफ उसकी रोशनी फैल सके।

- **चिड़ियाँ शोर क्यों मचाती होंगी?**

**उत्तर** चिड़ियाँ सबको सोए से जगाने के लिए शोर मचाती होंगी।

- **चंदा तारों पर क्यों अकड़ता होगा?**

**उत्तर** चंदा तारों पर इसलिए अकड़ता होगा क्योंकि वह आकार में उनसे बड़ा है।

- **दादा घर में कैसे धौंस जमाते होंगे?**

**उत्तर** दादा जी हर काम अपने हिसाब से करवाने के लिए घर के अन्य सदस्यों पर धौंस जमाते होंगे।

## शोर

**एक मिनट के लिए आँखें बंद करके बिल्कुल चुपचाप बैठ जाओ। ध्यान से आसपास की आवाज़ें सुनो।**

- अब आँखें खोलो। क्या याद है, तुमने किस-किसकी आवाज़ सुनी थी? नीचे उनके नाम लिखो।

**उत्तर** चिड़ियों की, ट्रैफिक की, लोगों के बातचीत की, बच्चों के शोर मचाने की, घरों से प्रेशर कूकर की आती सीटी की आदि।

- इनमें से कौन-कौन बहुत शोर मचा रहे थे?

**उत्तर** <u>ट्रेफिक</u>

<u>बच्चे</u>